/

# बिहार सरकार,
## कृषि विभाग

ज्ञापांक–पी0पी0एम0–38/2009– 3001 /कृ0, पटना दिनांक 17/9/2015

प्रेषक,

**रामजी सिंह,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
बीरचन्द पटेल पथ, पटना।

अनौपचारिक रूप से परामर्शित #द्वारा – वित्त विभाग।

विषय – **योजनाओं के प्रभावकारी कार्यान्वयन हेतु सूत्रण, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए किराये पर वाहन लेने की योजना का वित्तीय वर्ष 2015–16 में 582.12 लाख रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन एवं व्यय की स्वीकृति के अधीन अनुसूचित जाति के लिए 84.40740 लाख रूपये (चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ चालीस रूपये) की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : स्वीकृत

निदेशानुसार योजनाओं के प्रभावकारी कार्यान्वयन हेतु सूत्रण, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए किराये पर वाहन लेने की योजना का वित्तीय वर्ष 2015–16 में 582.12 लाख रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन एवं व्यय की स्वीकृति के अधीन अनुसूचित जाति के लिए 84.40740 लाख रूपये (चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ चालीस रूपये) की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. कृषि विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए अनुमंडल, जिला, प्रमंडल स्तर पर क्रमशः अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं संयुक्त कृषि निदेशक जिम्मेवार हैं। राज्य स्तर पर विषय की विशिष्टता के अनुसार संयुक्त कृषि निदेशक एवं उप कृषि निदेशक कार्यरत हैं। विभाग के अधीन भूमि संरक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए दक्षिण बिहार के जिलों में जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण पदाधिकारी कार्यरत हैं। पूरे राज्य में पौधा संरक्षण संबंधी विशेषज्ञ जानकारी के लिए भी विभिन्न स्तर पर अधिकारी कार्यरत/जिम्मेवार हैं। इनके अतिरिक्त माप तौल संभाग भी मानक माप तौल सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करता है।

3. कृषि विकास की योजनाओं को गंभीरता से किसानों एवं उनके खेतों तक पहुंचाने के लिए एक कृषि रोड मैप तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत 12वीं पंचवर्षीय योजना काल में लगभग 1.50 लाख करोड़ रूपये व्यय का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार द्वारा भी अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं यथा राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आदि शुरू की गयी हैं।

4. कृषि विकास कार्यक्रमों को प्रभावकारी तरीके से किसानों तक पहुंचाने के लिए एक सक्षम पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण तंत्र की आवश्यकता है। विभिन्न स्तर पर योजनाओं का सम्यक रूप से अनुश्रवण के लिए यह योजना स्वीकृत की गयी है। विभाग की आवश्यकता को देखते हुए मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर वाहन की आवश्यकता का आकलन किया गया है। संबंधित विवरणी अनुसूची–1 पर रखा गया है। विभिन्न स्तर पर वाहन का पूल स्वीकृत किया गया है ताकि संबंधित मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों/निरीक्षण दल/जाँच पदाधिकारी/भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों/माननीय मंत्री को आवश्यकता के अनुरूप पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण के लिए वाहन उपलब्ध कराया जा सके।

5. विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए प्रतिमाह किराया का निर्धारण कृषि निदेशक के द्वारा किया जायेगा। सामान्यतः बोलेरो/सूमो श्रेणी की नन एसी गाड़ी ही किराये पर ली जायेगी। विशिष्ट परिस्थितियों में विभागीय अनुमोदन से उच्चतर श्रेणी की गाड़ियां रखी जा सकती हैं। मुख्यालय स्तर पर वाहन पूल के लिए स्वीकृत राशि का आवश्यकतानुसार उपावंटन क्षेत्रीय पदाधिकारियों के लिए किया जा सकता है। संलग्न अनुसूची–1 के अनुसार संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अपने से संबंधित कोषागार से स्वीकृत राशि की सीमा में

आवश्यकतानुसार राशि की निकासी कर सकेंगे। वाहन से संबंधित लॉगबुक का संधारण नियमित रूप से कि जायेगा एवं सुरक्षित रखा जायेगा।

6. सभी पदाधिकारियों के द्वारा आवश्यकतानुसार ही वाहन रखा जायेगा। स्वीकृत राशि से अधिक व्यय नहीं किया जायेगा। योजनान्तर्गत बजट उपबंध की सीमा में व्यय सुनिश्चित किया जायेगा। वर्ष 2013–14 में किराये पर लिये गये वाहन जिनका भुगतान आवंटन के अभाव में लंबित है उसे वर्ष 2014–15 में स्वीकृत राशि के अन्तर्गत भुगतान किया जा सकेगा। योजना कार्यान्वयन में आवश्यकतानुसार परिवर्तन प्रशासी विभाग द्वारा किया जा सकता है।

7. उक्त योजना के लिए स्वीकृत राशि 84.40740 लाख रूपये (चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ चालीस रूपये) का व्यय बजट शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना माँग संख्या–1 उप शीर्ष–0106 इनटेनसिफाइड फिल्ड डेवलपमेन्ट एण्ड ट्रेनिंग सपोर्ट नई योजना, विपत्र कोड **P2401007890106**, राज्य योजना स्कीम कोड–**AGR–5022**, विषय शीर्ष– 13 02 वाहन का ईंधन एवं रख रखाव" में वर्ष 2015–16 के लिए उपबंधित 128.00 लाख रूपये से विकलनीय होगा।

8. आवंटन तथा खर्च नियंत्रण के संबंध में वित्त विभाग के परिपत्र संख्या– 2561 दिनांक: 17.04.1998 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

9. मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या 602 दिनांक 20.3.2007 एवं वित्त विभाग के संकल्प संख्या–96 वि0(2) दिनांक 03.01.08 में निहित प्रावधान के आलोक में उक्त योजना के कार्यान्वयन में मंत्री, कृषि की स्वीकृति संचिका संख्या–पी0पी0एम0–38 / 2009 के पृ0सं0–151 / टि. पर प्राप्त है।

10. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि0 (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है।

11. राज्यादेश में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या पी0पी0एम0–38 / 2009 के पृ0सं0–152 / टि. पर दिनांक– 12.06.2015 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(रामजी सिंह)
सरकार के संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप संख्या 3001 / कृ0, पटना, दिनांक 17/6/, 2015

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप संख्या 3001 / कृ0, पटना, दिनांक 17/6/, 2015

प्रतिलिपिः– योजना एवं विकास विभाग / वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप संख्या 3001 / कृ0, पटना, दिनांक 17/6/, 2015

प्रतिलिपिः– संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त / संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप संख्या 3001 /कृ0, पटना, दिनांक 17/6/ , 2015

प्रतिलिपिः— संबंधित कोषागार पदाधिकारी तथा उप कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/6/15

सरकार के संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञाप संख्या 3001 /कृ0, पटना, दिनांक 17/6/ , 2015

प्रतिलिपि— कृषि मंत्री के आप्त सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त के आप्त सचिव, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, उद्यान, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/परियोजना पदाधिकारी, दियारा विकास, बिहार, पटना/संयुक्त कृषि निदेशक–सह–नियंत्रक, माप–तौल/अपर निदेशक (शष्य), प्रसार, बिहार, पटना/संबंधित उप निदेशक/संबंधित सहायक निदेशक/संबंधित अनुमंडल कृषि पदाधिकारी/संबंधित सहायक निदेशक/संबंधित संयुक्त निदेशक/संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी/संबंधित प्रमंडलीय संयुक्त कृषि निदेशक/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा उप कृषि निदेशक (सूचना), बिहार, पटना को विभाग के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/6/15

सरकार के संयुक्त सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

अनुसूची– 1

षि विभाग के अधीन वित्तीय वर्ष, 2015–16 में विभिन्न पदाधिकारियों के लिए किराये पर वाहन हेतु स्वीकृत राशि/संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की विवरणी।

| क्रम सं0 | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | स्वीकृत भाड़े के वाहन की संख्या | सामान्य वर्ग के लिए | अनुसूचित जाति के लिए | अनुसूचित जनजाति के लिए | वर्ष 2015–16 में स्वीकृति हेतु प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7(4+5+6) |
| 1 | उप निदेशक, पौधा संरक्षण, पटना प्रमंडल, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 2 | उप निदेशक (शष्य) प्रक्षेत्र, पटना प्रमण्डल, आरा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 3 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), कृषि अभियंत्रण कर्मशाला, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 4 | सहायक निदेशक (उद्यान), जिला उद्यान कार्यालय, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 5 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 6 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, पटना सदर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 7 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, दानापुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 8 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बाढ़ | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 9 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मसौढ़ी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 10 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, नालन्दा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 11 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सामान्य नालन्दा, (बिहारशरीफ) | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 12 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, भोजपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 13 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, आरा सदर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 14 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बक्सर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 15 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, रोहतास | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 16 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, रोहतास (सासाराम) | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 17 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण),भूमि संरक्षण, रोहतास | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 18 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, रोहतास | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 19 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, भभुआ | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 20 | उप निदेशक, पौधा संरक्षण, मगध प्रमंडल, गया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 21 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण गया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 22 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, नवादा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 23 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, गया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 24 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), भूमि संरक्षण, गया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 25 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, गया सदर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 26 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जहानाबाद | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 27 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, नवादा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 28 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, औरंगाबाद | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 29 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 30 | उप कृषि निदेशक, प्रक्षेत्र, मोतिहारी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 31 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 32 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मोतिहारी सदर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 33 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सिकहरना (मोतिहारी) | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 34 | उप निदेशक, पौधा संरक्षण, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 35 | संयुक्त निदेशक (शष्य), मुजफ्फरपुर का पूल | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 36 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, मुजफ्फरपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 37 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, पूर्वी मुजफ्फरपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 38 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, शिवहर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 39 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सीतामढ़ी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 40 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, पूर्वी सीतामढ़ी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |

| क्रम सं0 | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | स्वीकृत भाड़े के वाहन की संख्या | सामान्य वर्ग के लिए | अनुसूचित जाति के लिए | अनुसूचित जनजाति के लिए | वर्ष 2016–1 स्वीकृति हेतु प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प0 सीतामढ़ी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 42 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, पश्चिमी चम्पारण, (बेतिया) | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 43 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बेतिया (प0 चम्पारण) | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 44 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सारण | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 45 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मढ़ौरा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 46 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सिवान | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 47 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, गोपालगंज | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 48 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, गोपालगंज | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 49 | उप निदेशक, पौधा संरक्षण, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 50 | संयुक्त निदेशक (शष्य), पटना प्रमंडल, पटना का पूल | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 51 | संयुक्त निदेशक (शष्य), दरभंगा का पूल | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 52 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, दरभंगा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 53 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, दरभंगा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 54 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बेनीपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 55 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, मधुबनी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 56 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मधुबनी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 57 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बेनीपट्टी | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 58 | उप निदेशक (शष्य), पाट, कृषि निदेशालय, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 59 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, समस्तीपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 60 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, समस्तीपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 61 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, दलसिंहसराय | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 62 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, रोसड़ा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 63 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, बेगुसराय | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 64 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बेगुसराय | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 65 | उप निदेशक, पौधा संरक्षण, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 66 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, जमुई | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 67 | संयुक्त निदेशक (शष्य), मुगेर प्रमण्डल, मुंगेर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 68 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), भूमि संरक्षण, जमुई | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 69 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), भूमि संरक्षण, बांका | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 70 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, भागलपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 71 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, नवगछिया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 72 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, भागलपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 73 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बांका | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 74 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, मुंगेर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 75 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, मुंगेर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 76 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, मुंगेर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 77 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जमुई | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 78 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, लखीसराय | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 79 | संयुक्त निदेशक (शष्य), पूर्णियां प्रमण्डल, पूर्णियां | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 80 | संयुक्त निदेशक (शष्य), पाट, बिहार, पूर्णियां | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 81 | उप कृषि निदेशक, प्रक्षेत्र, पूर्णियॉ | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 82 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, सहरसा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 83 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सहरसा | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 84 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सुपौल | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |

| क्रम सं0 | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी | स्वीकृत भाड़े के वाहन की संख्या | सामान्य वर्ग के लिए | अनुसूचित जाति के लिए | अनुसूचित जनजाति के लिए | वर्ष 2015–16 में स्वीकृति हेतु प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 85 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बीरपुर | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 86 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, पूर्णियाँ | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 87 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, पूर्णियाँ | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 88 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, कटिहार | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 89 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, कटिहार | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 90 | सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, वैशाली | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 91 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, किशनगंज | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 92 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, अररिया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 93 | अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, खगड़िया | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 94 | निदेशक, पी0पी0एम0 का पूल | 2 | 669240 | 114840 | 7920 | 792000 |
| 95 | उप निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, दक्षिणी बिहार परिक्रम, पटना का पूल | 3 | 1003860 | 172260 | 11880 | 1188000 |
| 96 | संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण, बिहार, पटना का पूल | 2 | 669240 | 114840 | 7920 | 792000 |
| 97 | संयुक्त निदेशक (रसायन), मिट्टी जांच प्रयोगशाला, बिहार, पटना का पूल | 3 | 1003860 | 172260 | 11880 | 1188000 |
| 98 | संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण), बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 99 | उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), भूमि संरक्षण, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 100 | सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 101 | उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 102 | उप निदेशक उद्यान, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 103 | उप निदेशक (शष्य), प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, मुशहरी (मुजफ्फरपुर) –सह– प्राचार्य | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 104 | संयुक्त निदेशक (रसायन), गुण नियंत्रण, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 105 | उप निदेशक (रसायन), मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 106 | संयुक्त निदेशक (रसायन), कम्पोस्ट एवं बायोगैस, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 107 | उप निदेशक (शष्य), बीज विश्लेषण, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 108 | उप निदेशक (शष्य), बीज निरीक्षण, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 109 | उप निदेशक (शष्य), शिक्षा, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 110 | उप निदेशक (शष्य), तेलहन, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 111 | परियोजना पदाधिकारी, दियारा विकास, बिहार, पटना | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 112 | संयुक्त कृषि निदेशक–सह–नियंत्रक, माप–तौल का पूल | 1 | 334620 | 57420 | 3960 | 396000 |
| 113 | कृषि विभागीय बिहार, पटना का पूल | 5 | 1673100 | 287100 | 19800 | 1980000 |
| 114 | कृषि निदेशालय बिहार, पटना का पूल | 10 | 3346200 | 574200 | 39600 | 3960000 |
| 115 | अपर निदेशक (शष्य), प्रसार, बिहार, पटना का पूल | 4 | 1338480 | 229680 | 15840 | 1584000 |
| 116 | निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना का पूल | 5 | 1673100 | 287100 | 19800 | 1980000 |
| 117 | उद्यान निदेशालय बिहार, पटना का पूल | 5 | 1673100 | 287100 | 19800 | 1980000 |
| | **कुल** | **147** | **49189140** | **8440740** | **582120** | **58212000** |